/font>

Title: Need to start the Hydel power project on Konar dam in Jharkhand.

श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय (गिरिडीह) : अध्यक्ष महोदय, झारखंड राज्य के कोणार डैम पर हाइडल पावर प्रोजैक्ट, पनबिजली परियोजना के निर्माण हेतु प्रस्ताव दामोदर वैली कारपोरेशन द्वारा एन.एच.पी.सी. को भेजा गया है। इस संबंध में हमने सी.एम.डी, एन.एच.पी.सी. से चर्चा भी की है। पुनः इस पर चर्चा करने के लिए सी.एम.डी., एन.एच.पी.सी. से बात करने के लिए मैं करीब दो माह से प्रयास कर रहा हूं, परंतु समय नहीं मिल पा रहा है।

यह मामला वर्षों से चल रहा है। कोणार डैम पर पनबिजली परियोजना अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसमें दामोदर वैली कारपोरेशन मदद करना चाहती है। ताकि झारखंड में बिजली का उत्पादन एवं वितरण उपयुक्त मात्रा में हो। यह मामला हम मंत्री महोदय की जानकारी में भी लाये हैं। अतः सरकार से अनुरोध है कि कोणार डैम पर प्रस्तावित हाइडल पावर प्रोजेक्ट का काम शीघ्र कराने की कृपा करे।